हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 9 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

RERA APPROVE: PCGRERA060524001774





RERA APPROVED

CHITVAN
★★★★★ Farm

फ़ार्म मतलब चितवन

## ज़मीन का वो टुकड़ा जो आँखों से उतर कर दिल में बस जाता है, चितवन कहलाता है.

**प्रीमियम लोकेशन पर फ़ार्म हाउस, कॉटेज और प्लॉट. जहाँ हरियाली, सुकून और सुविधाएँ, सब होंगी आपके आस-पास.**



Yoga & meditation zone | Picnic & barbecue spots | Swimming pool | Electricity & water supply | On-site beautiful temple | Kids play area

रायपुर रोड का पहला एकमात्र फ़ार्महाउस प्रोजेक्ट | फ़ायनेंस सुविधा उपलब्ध | Site Address: Manda Mod, NH 130, Bilaspur (C.G)

Concept & Design @ AdPRAYAS

DCT Real Estate Developers ® Bilaspur (C.G.)
DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT

# DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

**Red. Office:** Behind High Court, Chhatauna Road, Bilaspur (C.G.)

**Contact for Site Visit & Booking :** 6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

FOR SITE VISIT

## खबर संक्षेप



### मंडल कमेटी गठन के लिए अध्यक्ष की हुई नियुक्ति

**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के शहर अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कोरबा शहर अंतर्गत कोरबा विधानसभा के चारों ब्लॉक में कुल 10 मण्डल कमेटी गठन करने मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र को 4 ब्लॉक, 10 मंडल तथा 67 वार्डों में बाँटा गया है। जिले में मंडल अध्यक्ष बनाने के लिये पिछले एक माह से चल रही गठन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पर्यवेक्षकों द्वारा बैठक लेकर तथा सुझाव एकत्र कर नामों का चयन कर जिला अध्यक्ष को अंतिम मोहर लगाने प्रेषित किया गया था जिसे जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने विधिवत मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति किया है। सीतामणी मंडल में वार्ड क्र. 1, 2 एवं वार्ड क्र. 5 से 12 तक में मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, पोड़ीबहार मंडल वार्ड क्र. 25 से 35 तक में मंडल अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल। टीपी नगर मंडल वार्ड क्र. 3, 4 एवं वार्ड क्र 13 से 18 तक में मंडल अध्यक्ष जवाहर निर्मलकर। बुधवारी मंडल वार्ड क्र. 19 से 24 एवं वार्ड क्र. 36 व 37 तक में मंडल अध्यक्ष पालूराम साहू। दर्री ब्लॉक अंतर्गत जमनीपाली मंडल में वार्ड क्र. 54 से वार्ड क्र. 58 तक तथा वार्ड क्र. 67 में मंडल अध्यक्ष रोपा तिर्की, दर्री मंडल में वार्ड क्र. 48 से वार्ड क्र. 53 एवं वार्ड क्र. 59 तथा वार्ड क्र. 60 में मंडल अध्यक्ष डॉ0 एलपी साहू। कुसमुण्डा ब्लॉक अंतर्गत सर्वमंगला नगर मंडल में वार्ड क्र. 61 से वार्ड क्र. 63 तक में मंडल अध्यक्ष अश्वनी पटेल। भैरोताल मंडल में वार्ड क्र. 64 से वार्ड क्र. 66 तक में मंडल अध्यक्ष सुश्री सुरती कुलदीप। बालको ब्लॉक अंतर्गत पाड़ीमार मंडल में वार्ड क्र. 38 से वार्ड क्र. 42 तक में मंडल अध्यक्ष देवीदयाल सोनी। नेहरु नगर मंडल में वार्ड क्र. 43 से वार्ड क्र. 47 तक में मंडल अध्यक्ष बुद्धेश्वर चौहान नियुक्त किये गये हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, दुष्यंत शर्मा, बसंत चंद्रा, संतोष राठौर ब्लॉक प्रभारी सुधीर जैन, मुकेश राठौर, कृपाराम साहू, नारायण कुर्रे को नेता प्रतिपक्ष डॉ0 चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति के अनुरुप कार्य करने को कहा।

### संगठन सर्जन अभियान के तहत मंडल कमेटी गठन के लिए बैठक

**कोरबा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में समस्त प्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत जमीनी स्तर पर मंडल कमेटियों के गठन के लिए दीपका ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई। जिसमें संगठन प्रभारी डॉ.शेख इश्तियाक की मौजूदगी में मंडल कमेटियों के स्वरूप की चर्चा की गई। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से कटघोरा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सांसद प्रतिनिधि पोशक दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव तनवीर अहमद, प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री रजनीश तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप सिंह, नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी विशाल शुक्ला, कांग्रेस नेता केदार सिंह, सूरजदास मानिकपुरी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष हर्षित देवी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे। उक्त बैठक में संगठन प्रभारी डॉ.शेख इश्तियाक ने संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा करते हुए दीपका क्षेत्र में दो मंडल कमेटी बनाने का सुझाव दिया। जिस पर सांसद प्रतिनिधि पोशक दास महंत ने प्रदेश कांग्रेस के इस निर्णय का स्वागत करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा करने की जरूरत बताई। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर कांग्रेस नेता तनवीर अहमद, रजनीश तिवारी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष दिलीप सिंह, विशाल शुक्ला ने भी अपने सारगर्भित उद्बोधन दिया।

### निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिटी डेंटल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.सरफ़राज़ खान एवं उनकी टीम डॉ.निकिता, डॉ.पिंटू और डॉ.शुभम ने निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में लगभग 300 विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया और उन्हें दंत रोगों की रोकथाम, मौखिक स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वस्थ मुस्कान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इसी कड़ी में राम सुपर स्पेशलिस्ट आई केयर के डायरेक्टर डॉ.राम किशोर एवं उनकी टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया।

### इंडियन पब्लिक स्कूल जटगा में राखी बनाओ प्रतीयोगिता

**कोरबा।** इंडियन पब्लिक स्कूल जटगा में डायरेक्टर राकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में हेडमास्टर लोकनाथ चंद्रा के द्वारा रक्षाबंधन के पूर्व रखी बनाओ एवं ड्राइग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें क्लास वन से क्लास फोर्थ तक के बच्चों के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता रखा गया था एवं क्लास नर्सरी से यू केजी के बच्चों के बीच ड्राइंग प्रतियोगिता रखा गया था छोटे छोटे बच्चों ने बहुत सुन्दर ड्राइग एवं राखी बनाए। अपने हाथों से राखी बना कर बच्चों ने जो हमारी एवं हमारे गांव किया रक्षा करते है शान्ति व्यवस्था बनाते है पुलिस स्टॉफ उनको बच्चों ने पुलिस चौकी जटगा के चौकी प्रभारी चंद्रपाल खांडे एवं समस्त स्टॉफ को राखी बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किये।

## रक्षाबंधन आज, 3 साल बाद बना शुभ योग

# दिन भर रहेगा राखी बांधने का मुहूर्त, इस बार नहीं है भद्रा का साया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस बार रक्षाबंधन का पर्व बेहद खास रहने वाला है। 9 अगस्त को पूरे दिन राखी बांधने के लिए शुभ समय रहेगा, भद्राकाल का साया नहीं रहेगा। पूर्णिमा पर आमतौर पर भद्रा रहती है और भद्राकाल में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। पिछले तीन साल से यही कारण रहा कि बहनों को राखी बांधने के लिए रात तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन इस बार भद्रा 8 और 9 अगस्त की मध्यरात्रि के बाद समाप्त हो जाएगी। जिससे 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पूरा दिन शुभ रहेगा।

दरअसल भद्रा श्रावण पूर्णिमा तिथि में लग रही है, लेकिन उसका समापन 9 अगस्त को सूर्योदय से पहले हो जा रहा है। इसलिए रक्षाबंधन दिन भर मनाया जा सकता है। रक्षाबंधन पर अक्सर ऐसा होता है कि भद्रा का अशुभ साया भाई-बहन के इस पवित्र त्योहार खलल डाल देता है। रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा को होता है। इस दिन बहनें राखी के रूप में अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधती हैं और भाई इसके बदले में बहनों को उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। दुकानों में परंपरागत राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां, डोरी, डिजाइनर राखियां और हैंडमेड राखियों की भी खूब मांग है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार राखियों की नई-नई वैरायटी मंगाई गई हैं, जो ग्राहकों को काफी पसंद आ रही हैं।



राखी की खरीदारी करती महिलाएं।

### छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्रा बहनों ने जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में जाकर पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्राओं ने देश की सेवा में समर्पित पुलिस जवानों को रक्षा का प्रतीक रक्षासूत्र बांधते हुए उनके सेवा भाव को सराहा और सुरक्षा के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बहनों ने कहा कि हमारे रक्षक ही हमारे भाई हैं, जो दिन-रात समाज की सुरक्षा में लगे रहते हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाकर उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी एवं कई छात्राएं उपस्थित थीं। पुलिस विभाग ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस व आमजन के बीच संबंध और अधिक मजबूत होते हैं।

### नहीं रहेगा भद्रा का साया

रक्षाबंधन के दौरान भद्रा काल पूर्णिमा तिथि के साथ शुरू होगा। 8 अगस्त की दोपहर 2.12 बजे से यह समय रक्षाबंधन से एक दिन पहले है। भद्रा काल की समाप्ति 8 अगस्त की मध्य रात्रि 1.52 बजे होगी। इसका मतलब है कि रक्षाबंधन के दिन भद्रा सूर्योदय से पहले खत्म हो जाएगा और 9 अगस्त की दोपहर 1.24 मिनट तक बहनें बिना चिंता के राखी बांध सकती हैं। ऐसे में उदया तिथि की मान्यता के अनुसार रक्षाबंधन शनिवार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। 9 अगस्त को भद्रा नहीं है, पूरा दिन शुभ है। रक्षाबन्धन पर्व श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को भद्रा रहित तीन मुहूर्त या उससे अधिक व्यापिनी पूर्णिमा को अपराह्न काल व प्रदोष काल में मनाया जाता है। इस दिन पूर्णिमा तिथि दोपहर 1.24 तक है, इस वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर भद्रा का साया नहीं होगा।

### लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने गांव में जाकर बांटी राखी व मिठाइयां



दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से सम्बंधित संश्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही नगर के साँथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता रहा है। कड़ी में रक्षाबंधन के पावन पर्व के पूर्व क्लब के द्वारा पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम पचभैया पारा में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच खुशियां साझा करते हुए क्लब के सभी सदस्यों ने उपस्थित सभी बहनों से राखी बंधवाई व सभी को नगद राशि के साथ मिठाईयों का वितरण किया गया। क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा हर त्योहारों में ग्रामीण क्षेत्र में जाकर निवासरत गरीब परिवार के साँथ उनके गांव में शामिल होकर त्यौहार को मनाया जाता है। गांव के पूर्व पंच रामकुमार ने कहा कि क्लब के द्वारा शुरू से ही हर त्योहारों में हमारे गांव में आकर सभी बच्चों व महिलाओं को जरूरत की सामग्री भेंट करते है। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआर ओ एव संरक्षक अजय धनोंदिया, संरक्षक दीपक गर्ग, हंगर रिलीफ चेयरपर्सन मुकेश गोयल, डायबिटीज चेयरपर्सन राकेश शर्मा, पर्यावरण चेयरपर्सन लव अग्रवाल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### ब्रह्मकुमारी आश्रम में मनाया गया त्यौहार



बालकोनगर स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान में रक्षाबंधन त्यौहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीदी रुक्मणी के द्वारा सभी उपस्थित लोगों के कलाई में रक्षा सूत्र बांधा गया। कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमित तिवारी एवं लोकेश्वर चौहान, मंडल अध्यक्ष डीलेंद्र यादव, महामंत्री जय नंद राठौर, महामंत्री संपत यादव, मंडल मंत्री माहेश्वरी गोस्वामी, कृष्णी राठौर, बालको मैत्री संघ से अध्यक्ष श्री के न सेठ जी, महामंत्री श्री पी एल सोनी जी अन्य सदस्य गांव एवं नगर वासी उपस्थित रहे।



### हरदीबाजार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक

**हरदीबाजार।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देशानुसार हरदीबाजार ब्लाक कांग्रेस कमेटी संगठन प्रभारी धरम निर्मले एवं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर की उपस्थिति में पूर्व विधायक निवास पर बुधवार सांय 4 बजे संगठन सृजन अभियान अंतर्गत मंडल कमेटी गठन हेतु एक अति आवश्यक बैठक रखी गई थी। इस बैठक में कुल 76 बुथों को पांच मंडलों में विभक्त करने का प्रस्ताव पास किया गया। जिसमें हरदीबाजार, कोरबी, मुढ़ाली, उतरदा, नोनबिर्रा को बनाने पर चर्चा किया गया। इस बैठक में कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार पुष्पेंद्र शुक्ला, मनोज चौहान, मदनलाल राठौर, इंद्रपाल सिंह कंवर, गोपाल यादव, रामशरण कंवर, रमेश अहिर, भैया राम यादव, कौशल श्रीवास, श्रवण कश्यप, जगत साहू, रामचरण राठौर, रामनारायण पटेल, कुलदीप राठौर, रायसिंह तंवर, गुलशन जायसवाल, बाबूराम राठौर, कदम यादव, कांति मधुकर, सुखबाई, सुकृता बाई, सरस्वती बाई, शत्रुघ्न यादव, चित्रपाल श्रीवास, विक्रम राठौर, फलेश्वर श्रीवास, सत्यापाल सिंह, दीपक राजपूत, रामशरण राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# जिला-राज्य फुटबॉल चैम्पियनशिप में डीएफए रायपुर विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




सब-जूनियर अंतर-जिला राज्य फुटबॉल चैम्पियनशिप के रोमांचक फाइनल में डीएफए रायपुर ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। वहीं डीएफए नारायणपुर ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। चार जिलों रायपुर, नारायणपुर, दुर्ग और बस्तर की टीमों के बीच हुए कड़े मुकाबलों के बाद खेले गए फाइनल मैच में खिलाड़ियों की ऊर्जा और समर्पण ने दर्शकों का दिल जीत लिया। यह मैच छत्तीसगढ़ के ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा और क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण था। दोनों टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर टीम द्वारा उन्हें प्रशंसा स्वरूप उपहार भेंट किए गए। यह क्षण खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के लिए गौरवपूर्ण रहा। इस आयोजन की शोभा बढ़ाने वाले मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों में सुश्री प्रेमलता, सीएचआरओ, एनएसपीसीएल एवं आरएचओएचआर डब्ल्यूआर-2, एसएन पाणिग्रही, सीजीएम (एचआर), एसआर राजीव खन्ना, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी कोरबा तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्य, छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ (सीएफए), सीएसआर टीम और एचआर ऑडिट टीम। यह टूर्नामेंट 1 अगस्त से एनटीपीसी कोरबा ग्राउंड पर आयोजित किया गया था और यह एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर योजना एफवाय 2025-26 के अंतर्गत चल रहे प्रमुख कार्यक्रम महिला एवं पुरुष फुटबॉल कोचिंग कैंप का हिस्सा है। सात दिवसीय अंतर-जिला टूर्नामेंट जिलों से श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन, इक्कीस दिवसीय कोचिंग कैंप चयनित 30 खिलाड़ियों को गहन प्रशिक्षण, अंतिम चयन 15 से 18 खिलाड़ियों का राज्य टीम के लिए चयन, डीएफए रायपुर की यह जीत छत्तीसगढ़ में युवा फुटबॉल विकास के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। यह पहल एनटीपीसी कोरबा की खेल, अवसर और समावेशन के माध्यम से समग्र विकास की प्रतिबद्धता को और भी मजबूत करती है।

# बिजली दर बढ़ोत्तरी करने के खिलाफ कांग्रेस प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार




धरना देते हुए कांग्रेसी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कोरबा के अध्यक्ष मनोज चौहान के नेतृत्व में एवं कटघोरा विधानसभा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के मार्गदर्शन में एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर की उपस्थिति में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन गुरुवार दोपहर 3 बजे विद्युत वितरण केन्द्र हरदीबाजार के सामने किया गया । छत्तीसगढ़ प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार के द्वारा अघोषित बिजली दर बढ़ाने को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ने कहा कि यहां से पानी, कोयला का सृजन हो रहा है यही बिजली बन रही है और यही के जनता के उपर बोझ बढ़ा देना कांग्रेस पार्टी नहीं सहेगी भाजपा सरकार को हाफ बिजली दर का लाभ आम जनता को देना होगा। धरना प्रदर्शन में धर्म निर्मले, नाथुलाल यादव शहर अध्यक्ष कोरबा, श्यामनारायण सिंह, पोषक दास महंत, तनवीर अहमद, गोपाल यादव, कन्हैया राठौर, दिलीप सिंह दीपका अध्यक्ष, दुलेश्वरी सिदार, रमेश अहिर, रामशरण कंवर, भैयाराम यादव, चंद्रहास राठौर, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर, ईशाख खान, श्रवण कश्यप, बाबूराम राठौर, इंद्रपाल सिंह कंवर, सैय्यद कलाम, एकनाथ बंजारे, गुलशन जायसवाल, कांति मधुकर, रामकुमार कंवर, कौशल श्रीवास, मुकेश बर्मन, शत्रुघ्न यादव, गोरेलाल यादव एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे।

# स्तनपान से बाल मृत्यु की दर में लाई जा सकती है कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्कूल के बच्चे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक मनाया गया। 2025 के लिये थीम इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इनवेस्ट इन द फ्यूचर निर्धारित की गई। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्तनपान सप्ताह में जागरुकता कार्यक्रम चलाये गये साथ ही हितग्राहियों को स्तनपान के महत्व से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि इससे जिले के बालमृत्यु दर में कमीं लाई जा सकती है। प्रत्येक महिला को बच्चे के जन्म से 6 माह तक केवल मां का दुग्धपान कराने हेतु प्रेरित किया गया एवं गर्भवती व शिशुवती माताओं को 6 माह तक सतत स्तनपान एवं पीला गाढ़ा दूध (कोलेस्ट्रम) दुध का महत्व समझाया गया।

**खास बात**

- हितग्राहियों को स्तनपान के महत्व से कराया गया अवगत

महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न स्थलों में पहुंच कर जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्तनपान के महत्व व उद्देश्य से अवगत कराया, उन्होनें महिलाओं को उनके बदलते हुये जीवन शैली और कामकाज में व्यस्तता के कारण अपने बच्चें को स्तनपान न करवाने से होने वाले दुष्परिणाम से भी जागरुक किया गया साथ ही बताया कि सतत स्तनपान कराने से स्तन कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को रोक जा सकता है और अन्य बच्चों की अपेक्षा स्तनपान वाले बच्चों में संक्रमण का खतरा कम, रोगप्रतिरोधी क्षमता अधिक होती है, स्तनपान कराने से माँ का प्रसव के बाद होने वाले रक्त स्राव को रुक जाता है जिससे माँ में खून की कमी होने का खतरा कम हो जाता है। स्तनपान कराने से माँ को हड्डियों की कमजोरी से बचाता है, माँ से मिलने वाले दूध में कोलेस्ट्रम होता है जो की शिशु को प्रतिरोधक क्षमता को बढाता है और शिशु को रोगों से बचाने के साथ स्तनपान शिशु और मां के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करता है व शिशु के सर्वांगीण विकास में नींव का कार्य करता है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों मे आयोजित सुपोषण चौपाल

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों मे 7 अगस्त को सुपोषण चौपाल का आयोजन करते हुये स्तनपान दिवस मनाया गया। इसमें उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, पोषक तत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं स्थानीय खाद्य पदार्थ के सेवन हेतु प्रेरित के साथ साथ रेडी टू ईट, पोषण आहार, स्थानीय साग सब्जियों व फलों के फायदे बताते हुये भागीदारी सुनिश्चित की गई जिससे जच्चा - बच्चा दोनों सुपोषित एवं स्वस्थ रहेगें।

## 70 से अधिक ईंट निर्माण यूनिट को फ्लाई ऐश की बालको कर रहा आपूर्ति

# बालको की सर्कुलर इकोनॉमी से निर्माण को नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए फ्लाई ऐश (राख) के पुनः उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। थर्मल पावर प्लांट्स से उत्पन्न फ्लाई ऐश का पुनः उपयोग करते हुए उसे टिकाऊ ईंटों में बदला जा रहा है, जो पीएम आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में उपयोग की जा रही हैं। यह पहल ग्रामीण और शहरी आवास विकास में सतत आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए नए रास्ते खोल रही है।



बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को अपनाकर न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय और सूक्ष्म उद्योगों को भी सशक्त बना रहे हैं। फ्लाई ऐश से बनी ईंटों का इस्तेमाल बढ़ाकर हम पर्यावरण के अनुकूल निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं। यह हमारे संसाधनों के सस्टेनेबल इस्तेमाल की एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। राष्ट्रीय सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप बालको 70 से अधिक स्थानीय ईंट निर्माण यूनिट को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रहा है, जिससे पर्यावरण-अनुकूल ईंटों का उत्पादन संभव हो पा रहा है और सार्वजनिक अधोसंरचना परियोजनाओं में इनका उपयोग किया जा रहा है। फ्लाई ऐश ईंटें पारंपरिक लाल ईंटों की तुलना में हल्की, अधिक टिकाऊ और थर्मल इंसुलेशन में बेहतर होती हैं, जिससे ये ऊर्जा की बचत वाले निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त साबित होती हैं। जबकि लाल ईंटों के निर्माण में उपजाऊ मिट्टी की आवश्यकता होती है, जिससे भूमि क्षरण होता है। वहीं फ्लाई ऐश ईंटें औद्योगिक अपशिष्ट का पुनः उपयोग करके प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में योगदान देती हैं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती हैं। यह परिवर्तन भारत की सर्कुलर इकोनॉमी के लक्ष्यों को सीधे तौर पर लाभप्रद साबित हो रहा है और स्थानीय उद्यमों को सशक्त बना रहा है। बालको फ्लाई ऐश की निःशुल्क आपूर्ति करता है, जिससे ईंट निर्माताओं के लिए कच्चे माल की लागत में कमी आती है और वे पारंपरिक लाल ईंटों का टिकाऊ और मजबूत विकल्प तैयार कर पाते हैं। बालको की फ्लाई ऐश इस्तेमाल करने की योजना का मकसद संसाधनों का बेहतर और सही तरीके से उपयोग करना है। कंपनी प्रतिशत ऐश उपयोग प्राप्त कर चुकी है और सीमेंट, निर्माण तथा सड़क विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है।



तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 9 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पीएम सूर्य घर योजना के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन दो दिनों में 23 लोगों ने कराया अपना पंजीयन



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री डी 1 बंगला में बहनों संग मनाएंगे रक्षाबंधन



**कोरबा।** उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व पर कहा कि रक्षाबंधन केवल एक धागा नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाला एक गहरा भावनात्मक बंधन है, जो हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवंत करता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि रिश्तों को निभाना और एक-दूसरे के साथ खड़ा रहना हमारी सबसे बड़ी सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने जानकारी दी कि जिले में बहनी मन संग राखी के तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले की भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता बहनों एव जिले की बहनों को इस आयोजन में आमंत्रित किया है। 9 अगस्त को डी-1 बंगला, पंचवटी के पास, पंप हाउस रोड में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया जाएगा।

### 15 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा लगातार अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है तथा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों की धरपकड़ की जा रही है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में उरगा पुलिस टीम के द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में अवैध कच्ची महुआ शराब रख कर परिवहन करने वाले पर कार्यवाही करने में उरगा पुलिस कोरबा को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद नीला प्लास्टिक के बोरा में अवैध रूप से हांथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब लेकर पैदल परिवहन करते हुए छिंदवारभांठा भिलाईखुर्द की ओर जा रहा है कि सूचना पर मौके पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो मौके पर एक व्यक्ति कचरा गोदम की ओर से एक सफेद नीला रंग का बोरा हांथ में लेकर आता दिखा जिसे रोक कर चेक किया गया, जो एक सफेद नीला रंग के प्लास्टिक के बोरा के अंदर भरा फॉरच्यून के प्लास्टिक के हरा रंग के 15 लीटर वाले जरिकेन में भरा लगभग 15 लीटर हांथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 1500 रुपए के साथ मिला। जिसका नाम पूछने पर उसने अपना छिंदवार भांठा भिलाईखुर्द निवासी जवाहर दास महंत बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब बरामद किया है।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 10 सितंबर तक

**कोरबा।** कक्षा 9वीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के केन्द्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति हेतु जियो टैगिंग, ओटीआर, ई-केवायसी आफ आईएनओ/एचओआई अनिवार्य है। उपरोक्त कार्य पूर्व सत्र में सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया है। केन्द्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीनीकरण व सत्यापन हेतु पोर्टल राज्य कार्यालय द्वारा 4 अगस्त से उपलब्ध करा दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सत्र अनुरूप विद्यालय का जियो टैगिंग व कक्षावार तथा जातिवार सारांश प्रतिवेदन (फार्मेट) व एनएसपी से ई-केवासी का कार्य पूर्ण होने उपरान्त ही विद्यार्थी अपने लॉगिन से नवीनीकरण का कार्य कर सकेंगे। विद्यार्थी कोड, मोबाईल नंबर व जन्म दिनांक (पोर्टल में पंजीकृत) का उपयोग कर विद्यार्थी लॉगिन कर सकेंगे। (विद्यार्थी कोड/मोबाईल नंबर/जन्म दिनांक विद्यालय लॉगिन में रिपोर्ट-पंजीकृत विद्यार्थियों के आवेदन की स्थिति से देखा जा सकता है। सीएससी योजना के विद्यार्थियों के लिए ओटीआर नंबर अनिवार्य है।

### आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम 12 से

**कटघोरा।** कटघोरा क्षेत्र में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 से 17 अगस्त तक कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री नारायण आश्रम कटघोरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें तनाव से मुक्ति, मन की शांति, और सकारात्मकता से भरपूर जीवन जीने की कला सिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 6 बजे से 9 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया गया है।

# जेल के भीतर खुली मिठाई पर रहेगी पाबंदी, पैकेट बंद सोनपापड़ी को मिली एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

जिला जेल में हर साल की तरह इस साल भी सुबह 9 बजे से जेल में राखी का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए जेल प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है लेकिन इस बार जेल के भीतर मिठाई का डब्बा ले जाने पर पाबंदी रहेगी। भला आप सोच रहे होंगे कि भाई बहन के त्यौहार में मिठाई का डिब्बा आखिर क्यों एंट्री नहीं दी जा रही है। इस बार मिठाई के डिब्बे के स्थान पर पैकेट बंद सोनपापड़ी के डिब्बे की ही एंट्री दी जाएगी। इसके लिए बहनों को सोनपापड़ी या फिर फल फूल के साथ ही जेल के भीतर प्रवेश दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जेल की चारदिवारी के भीतर भी भाई बहनों का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी जेल की चारदीवारी के भीतर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेल में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाएगा इसके लिए जेल प्रबंधन ने जेल में बंद लगभग 198 कैदियों की लिस्टिंग तैयार कर ली है। बताया जाता है कि इस बार बहनों को जेल के भीतर सुबह 9 बजे से प्रवेश तो दिया जाएगा लेकिन उन्हें जेल के भीतर खुले बाजार से मिठाई लाने पर पाबंदी रहेगी। बताया जाता है कि जेल प्रबंधन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेल के भीतर खुला मिठाई लाने के लिए इस बार पैकेट बंद सोनपापड़ी या फिर फल फूल के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। बताया जाता है कि जेल में 10-10 का बैच बहनों को जेल के भीतर प्रवेश लिया जाएगा। इससे पहले जो अपने साथ सामान लेकर आ रहे हैं उनकी पूरी चेकिंग की जाएगी और सोनपापड़ी और फल फूल को ही उनके साथ प्रवेश दिया जाएगा। बाकी खुले बाजार से मिठाई लाने वाले को मिठाई को वापस कर दिया जाएगा। इसके लिए जेल प्रबंधन ने अपील की है कि पैकेट बंद सोनपापड़ी के डिब्बे या फिर फल फूल के साथ ही बहनों को आने के लिए अपील की गई है।

## सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनाया जाएगा रक्षाबंधन का त्यौहार

**खास बातें**

- 198 कैदियों की तैयार की गई सूची जिनके हाथों में बंधेंगी राखी
- 10-10 के समूह में दिया जाएगा प्रवेश




**सोनपापड़ी ही रहेगा एलाउ**

जेल के भीतर भी रक्षाबंधन का त्योहार सुबह 9 से दोपहर 2 तक मनाया जाएगा। इसके लिए जेल प्रबंधन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है लेकिन इस बार जेल के भीतर आने वाली बहनों को पैकेट बंद सोनपापड़ी या फिर फल फूल के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। खुले बाजार से मिठाई लाने पर बैन लगाया गया है।
- **अमितेश साहू** सहायक जेल अधीक्षक

## 17 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की एकलपीठ के निर्णय को छग हाईकोर्ट ने ठहराया सही

# हाईकोर्ट का आदेश, अब भूमि अधिग्रहण 1991 की नीति के अनुसार देना होगा रोजगार व पुनर्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया पालिसी 2012 के अनुसार रोजगार देने की अपनी नीति को जायज बताने वाली एसईसीएल प्रबंधन की याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के डबल बैंच ने एसईसीएल की याचिका को खारिज कर दिया है और वर्ष 1991 की पुनर्वास नीति जिसे मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति कहा जाता है उसके अनुसार ही रोजगार व पुनर्वास दिया जाना का आदेश जारी किया है। दरअसल एसईसीएल द्वारा पूर्व में हाईकोर्ट के एकल पीठ में दिए गए आदेश के विरुद्ध याचिका लगायी गई थी।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस बिभु दत्त गुरू की डबल बैंच न्यायपीठ ने स्पष्ट कर दिया है कि भूविस्थापितों को हर खाते में रोजगार और पुनर्वास प्रदान करने के लिए पूर्व में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के एकलपीठ द्वारा जारी आदेश ही सही है और इसके लिए एसईसीएल बाध्य है। जिले के चारों एरिया के अलावा एसईसीएल की सभी क्षेत्र में वर्ष 2004 से लेकर 2009-10 में भूमि अधिग्रहण किया गया था। उस दौरान मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ आदर्श पुनर्वास नीति 1991 लागू थी किंतु रोजगार में कटौती के फार्मूला पर कोल इंडिया पालिसी 2012 के अनुसार 2 एकड़ में एक रोजगार को लागू कर लिया गया था। जिसके कारण छोटे खातेदारों को भारी नुकसान हो रहा था। इसके खिलाफ सभी क्षेत्रों के किसानों ने अलग-अलग याचिका लगाई थी जिसे उच्च न्यायालय ने समाहित कर एक साथ सुनवाई पूर्ण कर निर्णय दिया है जिससे भूविस्थापित परिवारों में आशा की किरण जागी है और न्यायपालिका पर विश्वास बढ़ा है। शासकीय अधिवक्ता संघर्ष पांडे ने रिट न्यायालय में दायर रिटर्न का हवाला देते हुए तर्क दिया कि जब भूमि अधिग्रहण अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत अधिसूचना जारी की गई थी, तब 1991 की नीति लागू थी, तथापि, जब अधिग्रहण की कार्यवाही को अंतिम रूप दिया गया, तब पुनर्वास नीति पर पुनर्विचार किया गया। एसईसीएल को 1991 या 2007 की वैधानिक रूप से लागू पुनर्वास नीति को दरकिनार करने का कोई अधिकार नहीं है। हालाँकि, राज्य नीति में प्रदान किए गए लाभों के अलावा, एसईसीएल अन्य लाभ भी प्रदान कर सकता है जिनका उल्लेख राज्य नीति में नहीं है। अतः, रिट याचिकाकर्ताओं के मामले में, 1991 की नीति ही मान्य होगी। जिसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने निर्णय दिया कि रिट अपीलों के पहले बैच में, रिट याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर याचिकाओं का निपटारा विद्वान एकल न्यायाधीश ने यह कहते हुए किया था कि जब भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू की गई थी, तब 1991 की नीति लागू थी। एकल पीठ द्वारा पारित आदेश के आलोक में, अपीलकर्ता-एसईसीएल को निर्देश दिया गया था कि वह इस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 45 दिनों की अवधि के भीतर, प्यारेलाल रिट याचिकाकर्ताओं के मामले पर विचार करे। रिट याचिकाओं के दूसरे और तीसरे बैच में भी समान आदेश पारित किए गए हैं।


फाइल फोटो

# नाबालिग पुत्र ने पिता पर फावड़े से हमला कर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर अक्सर दोनों के बीच वाद की स्थिति निर्मित होती थी। शुक्रवार की सुबह भी दोनों के बीच वाद विवाद हुआ था और आवेश में आकर पति अपनी पत्नी और बच्चों को मारने के लिए फावड़ा लेकर दौड़ पड़ा था लेकिन इसी बीच उसका 14 वर्षीय पुत्र अपने पिता से फावड़ा ले लिया और पिता पर ही फावड़ा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस में मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिक पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला करतला थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधानपारा में घटित हुई है। यहां निवासरत धनीराम यादव 40 वर्ष पिता स्वर्गीय बुधराम यादव गांव में खेती किसानी का काम करता था। बताया जाता है कि धनीराम यादव अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था और धनीराम शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे अपनी पत्नी के चरित्र पर लांछन लगाते हुए वाद विवाद करने लगा और इसके बाद धनीराम अपनी पत्नी और बच्चों को मारने के लिए आवेश में आकर फावड़ा लेकर दौड़ पड़ा था। फावड़ा लेकर दौड़ रहे धनीराम यादव पर उसके 14 वर्षीय नाबालिक पुत्र की नजर पड़ी तो उसने अपने पिता के हाथ से फावड़ा छीन लिया और फावड़ा से ही अपने पिता धनीराम यादव पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोपहर लगभग 3 बजे हत्या की वारदात की सूचना करतला पुलिस को मिली थी। करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा दलबल सहित मौके पर पहुंचे और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी नाबालिक पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बात**

- पत्नी पर करता था चरित्र संदेश, पत्नी और बच्चों को मारने के लिए दौड़ा था फावड़ा लेकर

# नगर निगम के खाते से लाखों का घोटाला एक्सिस बैंक के मैनेजर व कैशियर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा पूर्व में राजस्व वसूली की नगद राशि एक्सिस बैंक के खाते में जमा की गई थी लेकिन जांच के दौरान बैंक के खाते मे लगभग 79 लाख रुपए का अंतर पाया गया था। इस मामले में पूर्व में नगर निगम की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया था। मामले में फरार चल रहे एक्सिस बैंक के मैनेजर व कैशियर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निगम कालोनी एलआईजी 3 निवासी प्रदीप कुमार सिकदार उम्र 50 वर्ष पिता स्व० दिलीप कुमार सिकदार ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व वसूली से प्राप्त नगद वसूली राशि को सीएमएस के माध्यम से एक्सिस बैंक शाखा-पावर हाउस रोड कोरबा में निगम के खाता क्रमांक 307010100003667 में जमा कराया जाता है। उक्त खाता में जमा राशि का निगम के कैश पंजी/सीएमएस जमा पर्ची एवं बैंक स्टेटमेंट में 79 लाख 42 हजार 274 रुपए का अंतर पाया गया था। जिस पर निगम द्वारा जांच समिति गठित किया गया था। अंतर की राशि गबन होने के उपरांत प्रदीप कुमार सिकदार के द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर एक्सिस बैंक के मैनेजर अरुण मिश्रा और कैशियर आशीर्वाद को तलब कर थाना लाया गया। पूछताछ में दोनों आरोपी बैंक के मैनेजर अरुण मिश्रा और कैशियर आशीर्वाद के द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया गया। जिसके उपरांत मैनेजर अरुण मिश्रा और कैशियर आशीर्वाद को पुलिस ने 7 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस गिरफ्तर में आरोपी।

# लिंक के इंजन पर गिरी चट्टान, 6 घंटे देर से शाम 5 बजे पहुंची कोरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विशाखापट्टनम से कोरबा आने वाली लिंक एक्सप्रेस बारिश की वजह से हादसे की शिकार हो गई। विशाखापट्टानम से रवाना होने के कुछ घंटे बाद मार्ग में इंजन के ऊपर चट्टाकन गिरने के कारण यातायात अवरूद्ध हो गया। घंटों बाद इंजन को ट्रेक से अलग करने के बाद आवागमन शुरू हुआ। इस दौरान मार्ग में चलने वाली अन्य यात्री गाड़ियों भी प्रभावित हुईं। शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे कोरबा आने वाली लिंक एक्सप्रेस 6 घंटे देर से शाम 5 बजे कोरबा पहुंची।

विशाखापट्टनम से कोरबा आ रही लिंक एक्सप्रेस बड़े हादसे का शिकार हुई, हालांकि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। लिंक एक्सप्रेस गुरुवार की रात राइट टाइम चल रही थी। मूसलाधार बारिश के चलते पार्वतीपुरम से रायगढ़ स्टेशन के बीच रात करीब 11.50 बजे एक विशालकाय चट्टान वहां से गुजर रही ट्रेन के इंजन पर गिर गया, इससे इंजिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अप डाउन दोनों ही रेल लाइनें धंस गई, जिससे ट्रेनों की आवाजाही ठप हो गई। आसपास के स्टेशनों से पहुंची राहत और बचाव टीमों ने सारी रात सुधार कार्य किया। उसके बाद तड़के 6 बजे ट्रेनों की रवानगी बहाल हुई। लिंक एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से सुबह रवाना होकर 8.30 बजे टिटलागढ़ पहुंची है। इसके दोपहर बाद रायपुर पहुंचने की जानकारी दी गई। आसपास के स्टेशनों से पहुंची राहत और बचाव टीमों ने सारी रात सुधार कार्य किया। उसके बाद तड़के 6 बजे ट्रेनों की रवानगी बहाल हुई। लिंक एक्सप्रेस 6 घंटे देरी से सुबह रवाना होकर 8.30 बजे टिटलागढ़ पहुंची है। इसके दोपहर बाद रायपुर पहुंचने की जानकारी दी गई। ऐसी ही स्थिति रायपुर से गुरुवार शाम रात रवाना हुई ट्रेनों की भी बताई गई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि घटना के कारण ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई, लेकिन किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है और ट्रेनों की आवाजाही बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**खास बात**

- ट्रेन के आने की जानकारी लेते रहे यात्रीगण



फाइल फोटो

**समय पर स्टेशन पहुंच गए थे यात्री**

लिंक एक्सप्रेस के हादसे की शिकार होने जानकारी सफर करने वाले यात्रियों को मिल गई थी। उसके बावजूद भी कुछ यात्री कोरबा से रवाना होने के समय रेलवे स्टेशन पहुंच गए थे। हालांकि शाम 4 बजे ट्रेन के रवाना होने का समय है और यह ट्रेन शाम 5 बजे कोरबा पहुंची और दो घंटे बाद शाम 7 बजे वापस रवाना हुई।

## 200 से अधिक मवेशी सड़कों से उठाकर पहुंचाएं गए गोठान

# मवेशियों को घर पर रखें, सड़कों पर न छोड़ें: आशुतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को सड़कों, सार्वजनिक स्थलों से उठाकर गोकुलनगर गोठान में पहुंचाने की लगातार कार्यवाही की जा रही है। निगम क्षेत्र में काऊ केचर के माध्यम से निरंतर पशुओं पर नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है। निगम द्वारा वर्तमान में लगभग 200 से अधिक मवेशियों को गोकुलनगर स्थित गोठान में पहुंचाया जा चुका है। वहीं निगम द्वारा पशु पालकों से कहा गया है कि वे अपने मवेशी सड़कों पर खुला न छोडे, अन्यथा उन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़ने वाले पशुपालकों को चिन्हांकित कर उन पर दण्डात्मक कार्यवाही नगर निगम द्वारा की जाएगी। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने पालतू मवेशियों को घर पर सुरक्षित रूप से रखें, स्वच्छंद विचरण के लिए सड़कों पर खुला न छोड़े तथा निगम द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही से बचें, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने में अपना सहयोग दें। पशु पालकों द्वारा अपने पालतू मवेशियों को सड़क पर खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, आवागमन बाधित होता है, यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल का नुकसान होने व मवेशियों के भी घायल होने की आशंका बनी रहती है।

नगर निगम द्वारा सड़कों, सार्वजनिक स्थानों से इन मवेशियों को हटाने तथा उन्हें गोठान में पहुंचाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है, अब निगम द्वारा ऐसे पशुपालकों पर जिनके द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी 7 जोन में पशुपालकों का चिन्हाकंन किया गया है तथा जिन पशुपालकों द्वारा अपने पालतू मवेशी सड़क पर छोड़ दिये जा रहे हैं, उन पर निगम अब दण्डात्मक कार्यवाही भी करेगा।


सड़क से मवेशी पकड़ते निगम के कर्मचारी।

# भूविस्थापित 13 को घेरेंगे एसईसीएल मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कोयला खदानों से प्रभावित भूविस्थापितों की रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास, मूलभूत समस्याएं, वैकल्पिक रोजगार, फसल क्षतिपूर्ति एवं अन्य मांगों के निराकरण को लेकर माटी अधिकार मंच के द्वारा एसईसीएल मुख्यालय में अनिश्चितकालीन गेट जाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। यह आंदोलन 13 अगस्त दिन बुधवार को किया जाएगा। सीएमडी एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर को पत्र प्रेषित कर 13 बिंदुओं की मांग पत्र सौंपी गई है। उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु एरिया एवं मुख्यालय स्तर पर अनेक बार पत्राचार एवं अधिकारियों से मुलाकात कर निवेदन किया गया है परंतु अधिकारियों के द्वारा टालमटोल करने एवं झूठा आश्वासन देने के फलस्वरूप गेट जाम आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इस गेट जाम आंदोलन धरना प्रदर्शन में एसईसीएल कुसमुंडा, कोरबा, दीपिका एवं गेवरा क्षेत्र के प्रभावित एवं भूविस्थापित उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### कौशल महोत्सव में शौर्य को मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** कृष्णा पब्लिक स्कूल कमल विहार रायपुर व कृष्णा ललित कला महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर तबला कौशल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पोड़ीबहार निवासी तथा न्यू एरा प्रौग्रेसिव स्कूल का होनहार छात्र शौर्य वस्त्रकार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने गुरु के मार्गदर्शन का परिणाम है कि भव्य राष्ट्रीय मंच में प्रस्तुति देकर अपने गुरु मोरध्वज वैष्णव और नवीन महंत व अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया है। शौर्य के पिता अनिल कुमार वस्त्रकार बालको में एवं माता शासकीय स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं।

### मोरगा आयुष केन्द्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

**कोरबा।** आयुष केंद्र मोरगा के अंतर्गत 34 गावों में 60 वर्ष से ऊपर महिला एवं पुरुष लगभग 17 सौं लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। जिसमें 1078 लोग स्वस्थ हैं अन्य का आयुष चिकित्सा उपचार चल रहा है। ज्यादा के सवात, प्रतिसयाय, स्वास, कास, सायटिका आदि मरीज संचालाक आयुष के निर्देश एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा के निर्देशा अनुसार प्रत्येक गांव में जोभी 60 वर्ष से ऊपर निःशुल्क चिकित्सा एवं पंचकरम चिकित्सा के लिए कटघोरा भेजा जाए अभी तक 11 लोगों को पंच कर्म के लिए भेजा गया। सेवा डॉ.रमापति तिवारी आयुष चिकित्सक लगातार सहयोग किया जा रहा है।

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 तक

**कोरबा।** पद्म पुरस्कार के लिये नामांकन, सिफारिशें जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी गई है। पद्म पुरस्कारों के लिये नामांकन, सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाईन प्राप्त की जाएंगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किये जाने पद्म पुरस्कार 2026 के लिये नामांकन/सिफारिशें 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई हैं। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्य को मान्यता देने के लिये दिया जाता है और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिये दिया जाता है। सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग आदि। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं इसी तरह महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और जनजातियों, दिव्यांगजनों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के लिये ठोस प्रयास किये जा सकते हैं, जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में मान्यता के योग्य हैं और जो समाज की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह सभी व्यक्ति भी इन पुरस्कारों के लिये पात्र हैं।

### प्राइम मिनिस्टर नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 11 को

**कोरबा।** अप्रेन्टिसशिप योजनान्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में प्राईम मिनिस्टर नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन 11 अगस्त सोमवार को किया जा रहा है। संस्था से प्राप्त जानकारी प्राईम मिनिस्टर नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला में जिला अंतर्गत सभी उद्योगों/प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जाना है। अप्रेन्टिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 11 अगस्त को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

## अधिकारी, कर्मचारियों को भी घरों में लगाने किया जा रहा है जागरुक

# पीएम सूर्य घर योजना के लिए स्पॉट रजिस्ट्रेशन दो दिनों में 23 लोगों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिजली की बढ़ती खपत को लेकर हर उपभोक्ता परेशान है। साथ ही कैसे इस खपत को कम की जा सके इस दिशा पर लगातार पहल हो रही है। प्रधानमंत्री पीएम सूर्य योजना के तहत इस खपत को कम करने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा है ताकि लोगों को आसानी से बिजली मुहैय्या हो सके। लोगों को मुफ्त में बिजली मिल सके इसके लिए विद्युत वितरण विभाग ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की है। जिले में इस योजना के तहत पिछले दो दिनों में 23 लोगों ने ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया है।

उल्लेखनीय है कि लोगों को मुफ्त में बिजली मिल सके इसके लिए राज्य सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना की शुरुआत की है। हालांकि योजना पूर्व से चलाई जा रही है लेकिन अब राज्य सरकार ने इस योजना को और आम जनता के बीच बढ़ावा मिल सके और जनता इस योजना का लाभ ले सके इसके लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की गई है। जिसके तहत 6 अगस्त को रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए रजिस्ट्रेशन आरंभ किया गया। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट ने बिलासपुर रीजन में भी इस शिविर का आगाज किया। जिले में आयोजित शिविर के बारे में अधीक्षण अभियंता पी. एल. सिदार ने बताया कि दो दिनों में 23 आवेदकों ने इस योजना के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। हरित ऊर्जा के मामले में कदम बढ़ाना है, इसके लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है, जो हर उपभोक्ता को बिजली उत्पादक बना देगी। इस योजना की शुरुआत पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों से किया गया ताकि आस-पड़ोस व मोहल्ले के लोग उसे देखकर प्रेरित हों और वे भी सोलर प्लांट लगवाने आवेदन करें, जिसमें स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियो ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।



#### अधिक बिजली जाएगी सीधे ग्रीड में

प्रधानमंत्री सूर्य योजना मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उक्त स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रीड से संयोजित होगा जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रीड में सप्लाई हो जाती है इससे न केवल उपभोक्ता के घरों का बिजली बिल शून्य हो जाता है अपितु ग्रीड से दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

#### किसमें कितना मिलेगा छूट

अधीक्षण यंत्री पी एल सिदार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत राज्य सरकार ने भी भारी अनुदान की घोषणा की है, जिसके तहत अब एक किलोवाट क्षमता के प्लांट लगाने पर 45 हजार रुपए की छूट मिलेगी। दो किलोवाट पर 90 हजार और तीन किलोवाट पर 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। रजिस्ट्रेशन के बाद सोलर पैनल लगाने वाले तकनीकी अधिकारी उनके आवास पर जाकर ड्राइंग-डिजाइन और प्राक्कलन तैयार करेंगे और उपभोक्ता के घर पर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना करेंगे। पहले चरण में बिजली कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस योजना के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

#### 23 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

पीएम सूर्य घर योजना के तहत स्पॉट रजिस्ट्रेशन की शुरुआत की गई है। दो दिनों के भीतर जिले में 23 उपभोक्ताओं ने स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराया है। आने वाले दिनों में इनके छतों पर रुफ टॉप सोलर पैनल लगाया जाएगा और उन्हें कम खर्च में बिजली मिलने लगेगी।

- **पी एच सिदार,** अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण विभाग

## सरकारी कर्मचारियों के आवासों की विद्युत व्यवस्था में आएगा सुधार



सिंचाई विभाग की कॉलोनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी कर्मचारियों के आवासों की विद्युत व्यवस्था में सुधार आएगा। लोक निर्माण विभाग के ईएनडी सेक्शन में तकनीकी सामाग्रियों की समस्या को दूर कर दिया गया है। छोटे मोटे बिजली के उपकरणों की सामाग्री विभाग में मौजूद है। पूर्व में इसके लिए विभाग के कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ता था और शासकीय कर्मचारियों को अपने खर्च पर विद्युत व्यवस्था सुधारनी पड़ती थी।

जिला मुख्यालय में सरकारी आवासों की संख्या लगभग 600 से ज्यादा पहुंच गई है, जिनके विद्युत व्यवस्था के सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग में एक ईएनडी सेक्शन है, जिसके माध्यम से कलेक्टर के शासकीय विभाग के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के आवासों के विद्युत व्यवस्था की जिम्मेदारी है, किंतु पिछले कुछ वर्षों से बिजली के छोटे छोटे उपकरणों को लेकर विभाग को तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वहीं शासकीय कर्मचारियों को अपने खर्च पर ही बिजली व्यवस्था का सुधार कार्य करना पड़ता था। अब ईएनडी सेक्शन में बिजली के उकरणों व अन्य सामाग्रियों की सप्लाई शुरू हो गई है। अब उन शासकीय कर्मचारियों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा, जिन्हें बाहर से कर्मचारी बुलाकर शासकीय आवासों की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करना पड़ता था। आईडीआई परिक्षेत्र अंतर्गत सिंचाई विभाग, आईटीआई कॉलोनी, राजस्व कॉलोनी, न्यू राजस्व कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के आवास जर्जर हो चुके हैं। जिनकी सबसे बड़ी समस्या बार बार बिजली उपकरणों के खराब रहने की रहती है। इनके बदलने का काम अब ईएनडी सेक्शन के माध्यम से ही होगा। लोक निर्माण विभाग का यह महत्वपूर्ण सेक्शन है, जिसके ऊपर प्रशासनिक दफ्तरों एवं कॉलोनियों की विद्युत व्यवस्था के सुधार की जिम्मेदारी है।

# झारखंड को सबसे कम तो छत्तीसगढ़ को सबसे अधिक राजस्व की हिस्सेदारी



#### झारखंड के चोलापाथर कोल ब्लॉक में सबसे ज्यादा राजस्व

चारों कोल ब्लॉक में से सबसे ज्यादा राजस्व में ज्यादा 27.25 प्रतिशत की हिस्सेदारी चोलापाथर कोल ब्लॉक में मिली है। इस कोल ब्लॉक में 25.00 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है, नीलामी में इस कोल ब्लॉक के लिए कुल छह कंपनियों ने हिस्सा लिया था। इसमें श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, सूर्या प्रोफेशनल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड, श्याम ओर्स प्राइवेट लिमिटेड और शक्ति भूमि माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ के फुतामारा कोल ब्लॉक में सरकार को राजस्व में 62.25 की हिस्सेदारी मिली है। इस कोल ब्लॉक में 170.54 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। नीलामी के दौरान इस कोल ब्लॉक के लिए 13 कंपनियों ने बोली लगायी थी। एलम सोलर प्राइवेट लिमिटेड मे राजस्व में 62.25 प्रतिशत की हिस्सेदारी देकर कोल ब्लॉक हासिल कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल ब्लॉक की नीलामी के 12वें दौर में कंपनियों ने अपने राजस्व में सबसे कम शेयर झारखंड को दिया गया है। 12वें दौर की नीलामी में सफल घोषित कंपनियों ने झारखंड को अपने राजस्व में 7-24 प्रतिशत हिस्सेदारी दी। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ को 31-62.25 प्रतिशत हिस्सेदारी दी है। झारखंड में कोयले का रिजर्व सबसे ज्यादा होने के बावजूद कॉमर्शियल नीलामी में शामिल कंपनियां झारखंड को अपने राजस्व में कम हिस्सेदारी दे रही हैं।

केंद्र सरकार ने 12वें दौर की नीलामी में 11 कोल ब्लॉक को शामिल किया था। इसमें से सात कोल ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कोल ब्लॉक के व्यवसायिक नीलामी में रिजर्व प्राइस के अलावा कंपनियों द्वारा राजस्व में राज्य को दी जाने वाली हिस्सेदारी का सर्वाधिक महत्व होता है। 12वें दौर की नीलामी में जिन 7 कोल ब्लॉक की नीलामी पूरी हुई, उसमें से चार कोल ब्लॉक झारखंड के और तीन कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के हैं। झारखंड के चारों कोल ब्लॉक में 1450.78 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। प्रदेश के तीन कोल ब्लॉक में कुल 310.78 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। नीलामी में झारखंड के महुआगढ़ी कोल ब्लॉक से कंपनी ने राजस्व में सबसे कम हिस्सेदारी देने की पेशकश की थी। यह कोल ब्लॉक दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने सिर्फ राजस्व में सात प्रतिशत की हिस्सेदारी पर हासिल कर ली है। इस कोल ब्लॉक में 305.95 मिलियन टन कोयले का रिजर्व है। इस कोल ब्लॉक की नीलामी में चार कंपनियों ने हिस्सा लिया था। इसमें एनआइसी इंडिया लिमिटेड, ओडिशा एलॉय स्टील प्राइवेट लिमिटेड, पेन्ना शिपिंग लिमिटेड और दामोदर वैली कॉरपोरेशन का नाम शामिल है। नीलामी में डीवीसी को सिर्फ सात प्रतिशत की हिस्सेदारी पर कोल ब्लॉक हासिल किया। यानी नीलामी में शामिल दूसरी कंपनियों ने राजस्व में इससे भी कम हिस्सेदारी देने की पेशकश की होगी।

#### खास बातें

- कोल ब्लॉक के 12वें दौर की नीलामी में 11 कोल ब्लाक में से 7 ब्लाक की हुई नीलामी
- झारखंड को 7 .24 तो छत्तीसगढ़ को 31.62 प्रतिशत की हिस्सेदारी

#### कोल ब्लॉक और राजस्व पर एक नजर

| राज्य | कोल ब्लॉक | रिजर्व | राजस्व (प्रतिशत में) | कंपनी |
|---|---|---|---|---|
| झारखंड | महुआगढ़ी | 305.95 | 7 | दामोदर वैली कॉरपोरेशन |
| झारखंड | वेस्ट तुवेद | 882.4 | 9.50 | ओरिएंटल क्वेरीज एंड माइंस |
| पझारखंड | चितरपुर | 237.43 | 14.75 | ओड़िशा एलॉय स्टील प्रा लि |
| झारखंड | चोलापाथर | 25.00 | 27.25 | शक्तिभूमि माइनिंग प्रा लि |
| छत्तीसगढ़ | रजगामार | 61.70 | 31.50 | मिवान स्टील लिमिटेड |
| छत्तीसगढ़ | रजगामार | 78.46 | 31.50 | टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्रालि |
| छत्तीसगढ़ | फुतामुरा | 170.54 | 62.25 | एलम सोलर प्राइवेट लिमिटेड |

# कालोनियों में पसरी गंदगी व एसएलआरएम सेंटर की बदहाली पर आयुक्त ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने एसईसीएल क्षेत्र की आवासीय कालोनियों में जगह-जगह पसरी गंदगी, कचरा डम्पिंग स्थल से उठ रही दुर्गन्ध व एसएलआरएम सेंटर की बदहाली पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एसईसीएल के संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे आवासीय कालोनियों की सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाएं, सफाई कार्यों की कडी मानीटरिंग करते हुए धरातलीय स्तर पर नियमित सफाई कार्य हो, यह सुनिश्चित करें।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने एसईसीएल तथा निगम के अधिकारियों की टीम के साथ एसईसीएल की आवासीय कालोनियों सुभाष ब्लाक, जेपी कालोनी, एसबीएस कालोनी, जीएम आफिस के आसपास के क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था एवं एसईसीएल द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह बिखरी गंदगी व साफ-सफाई के अभाव को देखते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने नाराजगी व्यक्त की और सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने व कालोनियों की गंदगी दूर करने, नियमित सफाई कार्य कराए जाने तथा 15 दिवस के अंदर कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। एसएलआरएम सेंटर के पास स्थित कचरा संग्रहण स्थल पर उठती अत्यंत बदबूदार दुर्गन्ध एवं इससे दूषित होने वाली, वहाँ आबोहवा को गंभीरता से लेते हुए उन्होने प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि इस गंभीर स्थिति को तत्काल सुधारे तथा यहाँ की सम्पूर्ण सफाई सुनिश्चित करते हुए कचरे का उचित प्रबंधन करें। विभिन्न आवासीय कालोनियों में कुल 1284 आवासगृह हैं तथा 4 रिक्शें के माध्यम से अपशिष्ट संग्रहण का कार्य कराया जाता है। आयुक्त ने रिक्शों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है।



अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा करते निगम आयुक्त।

#### खास बात

- आयुक्त ने एसईसीएल व निगम के अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

#### जीव्हीपी प्वाईंट करें समाप्त

आवासीय कालोनियों की सड़कों व मुख्य मार्ग पर अनेक स्थलों पर लोगों द्वारा कचरा डाला जा रहा है, जो वहाँ पर काफी दिनों तक डम्प रहता है। इन स्थलों में कालीबाड़ी मोड़ एवं पोस्ट आफिस के पास तथा एसईसीएल सतनाम प्रांगण के पास आदि स्थल शामिल हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रतिष्ठान के अधिकारियों से कहा कि इन सभी जीव्हीपी प्वाईंटों को समाप्त करें। स्थलों की फेंसिंग कर वहाँ सौंदर्यीकरण करें तथा फूलदार पौधे व अन्य सजावटी सामग्रियों स्थापित कर स्थलों को बेहतर स्वरूप दें ताकि लोग इन स्थलों पर कचरा न डालें, साथ ही लोगों को समझाईश दें कि वे वहाँ कचरा न डालें।

#### कचरा फैलाने पर लगा अर्थदण्ड

भ्रमण के दौरान आवासीय कालोनियों में स्थित दुकानों के संचालकों द्वारा दुकानों से उत्सर्जित कचरे को खुले पर फेंका गया था, साथ ही दुकानों में डस्टबिन भी नहीं रखे गए थे, आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस पर संबंधित दुकानदारों को अर्थदण्ड लगाने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए, साथ ही दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी कि वे दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा कचरे को डस्टबिन में ही डालें।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत कटघोरा में निकाली गई रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना और स्वच्छता के प्रति व्यापक जनचेतना का निर्माण करना है। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य थीम है हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग। इसी कड़ी में कटघोरा जनपद पंचायत कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी यशवंत सिंह के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जनपद पंचायत कार्यालय से प्रारंभ होकर तहसील कार्यालय होते हुए कटघोरा के मुख्य चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला और पूरे रास्ते राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजते रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी यशवंत सिंह ने कहा कि यह रैली मोर घर मोर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई है। यह आयोजन तीन चरणों में संपन्न हो रहा है, प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त को समापन होगा।

## टीपी नगर को शिफ्ट करने आयुक्त को आवेदन



**कोरबा।** छतीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय को ट्रांसपोर्ट नगर को स्थानांतरित करने संबंधी एक औपचारिक आवेदन सौंपा गया। इस दौरान कोरबा इकाई के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्रवाल तथा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी, परसराम रमानी कार्यकारी अध्यक्ष, दीपक मित्तल मंत्री सीसीसीआई सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे। संगठन ने ट्रांसपोर्ट नगर के स्थानांतरण की आवश्यकता एवं इससे होने वाले यातायात प्रबंधन व जनसुविधा के लाभों पर भी चर्चा की।

***कोरबा।** ग्राम पंचायत उमरेली के भाटापारा स्थित गुरुवार सिंह के निवास स्थान में बने पानी के टंकी पर इंडियन कोबरा नागराज पानी की टंकी पर दोपहर देखा गया जिससे घर के लोग भयभीत हो गए।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
ऑफर केवल 10 अगस्त तक 18.08.2025
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)